दिन– शुक्रवार दिनांक– 19/06/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पटना स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया, नवाचार, तकनीक और उद्यमिता के माध्यम से नए भारत की मजबूत नींव रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि आईटी और स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाकर बिहार विकसित राज्य के निर्माण की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

इधर, रेल मंत्री अब से कुछ देर बाद छपरा से आनंद विहार के लिए नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इससे बिहार सहित पूर्वांचल के लोगों का दिल्ली जाना आसान हो जाएगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में नगर विकास और आवास विभाग की एक सौ सत्तावन योजनाओं का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया। पटना स्मार्ट सिटी के कुल नौ प्रोजेक्ट्स को कार्यक्रम में शामिल किया गया है। पटना के चर्चित परियोजनाओं में मीठापुर में छब्बीस हजार वर्गफुट क्षेत्र में तैयार कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया गया है। इसके अलावा पटना में गिग वर्कर्स के लिए दो एसी लाउंज का भी उद्घाटन हुआ है। मुख्यमंत्री ने दीघा से सभ्यता द्वार तक विकसित रिवर फ्रंट परियोजना का भी उद्घाटन किया। यहां जिग–जैग पार्क बनाया गया है। नगर विकास विभाग की यह परियोजनाएं पटना शहर को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव तथा नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

———————————————————————

राज्य सरकार ने लगभग एक दशक बाद ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में न्यूनतम मूल्यांकन पंजी–एमवीआर यानी सर्किल रेट बढ़ा दिया है। निबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर औसतन एक दशमलव छह गुना, जबकि शहरी क्षेत्रों में लगभग दोगुनी कर दी गई है। सर्किल रेट बढ़ने से जमीन की रजिस्ट्री और स्टांप शुल्क भी महंगे होंगे। नई व्यवस्था के तहत अब हर वर्ष एमवीआर में स्वतः पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी और प्रत्येक तीन साल पर इसकी समीक्षा की जाएगी। विभागीय मंत्री मदन सहनी ने कहा कि सर्किल रेट बढ़ने से भूमि अधिग्रहण के मामलों में किसानों को अधिक मुआवजा मिलेगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं के नाम संपत्ति रजिस्ट्री पर मिलने वाली छूट बढ़ाकर शून्य दशमलव पांच प्रतिशत कर दी गई है।

————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने रविवार को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा– स्नातक (नीट–यूजी) की पुनर्परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए एक आधिकारिक व्हाट्सएप संचार चैनल शुरू किया है। एनटीए ने स्पष्ट किया है कि सभी आधिकारिक व्हाट्सएप संदेश केवल उसके सत्यापित नंबर– **नौ एक सात आठ दो सात नौ आठ शून्य दो आठ सात** के माध्यम से भेजे जाएंगे। एजेंसी ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि एनटीए से भेजे गए किसी भी संदेश पर भरोसा करने से पहले नीले सत्यापन चिह्न और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नाम की जांच कर लें।

————————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पटना के बामेती सभागार में तीन दिवसीय आम महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आम उत्पादक किसान, उद्यान विशेषज्ञ और आम विक्रेता मौजूद रहे। महोत्सव में आम की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी लगाई गई है, जहां किसानों और आम प्रेमियों को अलग–अलग किस्मों के आमों की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार में आम की खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

————————————————————————

राज्य में अगले चार से पांच दिनों के दौरान मॉनसून के प्रसार की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुयी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के

उत्तर–पूर्व और दक्षिण'–पूर्व में स्थित जिलों के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है। वहीं, राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर उष्ण लहर चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।